# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**जिला न्यायालय परिसर झाबुआ (म.प्र.)**

Phone: 07392-244414, Email- dlsajhabua01@gmail.com

क्रमांक / 196 / वाहन चालक / जिविसेप्रा / 26 झाबुआ दिनांक 04 / 05 / 2026

## / / विज्ञप्ति / /

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का पत्र कमांक 126 / 26 दिनांक 09.04.2026 के पालन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुदान अंतर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा आधार पर 01 वाहन चालक की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है :-

| | |
|---|---|
| 1. आवेदन करने की प्रारंभ तिथि | -दिनांक **05 / 05 / 2026** को प्रातः **10:30** बजे से |
| 2. आवेदन करने की अंतिम तिथि | -दिनांक **30 / 05 / 2026** को शाम **05:00** बजे तक |
| 3. आवेदन पत्रो की छटनी एवं योग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की तिथि | -दिनांक **16 / 06 / 2026** |
| 4. साक्षात्कार तिथि | -पृथक से प्रकाशित किया जायेगा। |

**पदनाम, वेतनमान एवं अर्हताएं :-**

| पदनाम | स्वीकृत पद की संख्या | वेतनमान | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|
| वाहन चालक | 01 | **12,000 / - प्रतिमाह** | 1. मान्यता प्राप्त संस्था से 10वी उत्तीर्ण<br>2. वैध ड्राइविंग लाइसेंस<br>3. वाहन चलाने का अनुभव<br>4. वाहन मैकेनिक का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी। |

उक्त पद हेतु आयु सीमा दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।

**वाहन चालक की सेवा एवं शर्ते :-**

1. भर्ती मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्ते) नियम 2009 के नियम 6(2) के अंतर्गत निर्धारित योग्यता एवं शर्तो के अनुसार की जावेगी।
2. यह संविदा नियुक्ति हेतु अनुबंध प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतता की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात 01 वर्ष के लिए बढाया ज़ा सकेगा संविदा के पश्चात नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नही होगा।

3. संविदा चालक की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बतायें 01 माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। संविदा वाहन चालक भी 01 माह का पूर्व नोटिस देकर या 01 माह के वेतन के बराबर राशि जमा किया जाकर त्यागपत्र दे सकेगा।
4. संविदा चालक के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जावेगा और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरन्तरता या विस्तार किये जाने के संबंध में विचार किया जा सकेगा।
5. संविदा चालक को एक कैलेण्डर वर्ष में 13 दिवस आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।

**आवेदन व साक्षात्कार/परीक्षा :–**

1. उपरोक्त वर्णित योग्यता रखने वलो अभ्यर्थी वाहन चालक निर्धारित दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में ही आवेदन कर सकेगें तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित करेगें। अभ्यर्थी स्वयं का मोबाईल नम्बर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक रूप से भरे जावें।
2. अभ्यर्थी आवेदन पता– श्रीमान सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायायलय परिसर झाबुआ पिन कोड–457661 को सम्बोधित करते हुए अंतिम तिथि **30.05.2026** को समय **सांय 05:00 बजे** तक व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक के माध्यम से प्रेषित करेंगे। उक्त निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों एवं ईमेल के माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा तथा वे स्वतः निरस्त माने जाएंगे।
3. साक्षात्कार की तिथि आवेदन की अंतिम तिथि के उपरांत निर्धारित की जावेगी। जिसकी सूचना पृथक से अभ्यर्थी को व्हाटसअप व मोबाईल के माध्यम से दी जावेगी।
4. ड्राइविंग परीक्षण में अभ्यर्थी की वाहन चलाने की क्षमता, नियंत्रण, ट्रैफिक नियमों की जानकारी एवं सुरक्षित ड्राइविंग का मूल्यांकन किया जायेगां।
5. अभ्यर्थीयों का चयन साक्षात्कार एवं ड्राइविंग परीक्षण में प्राप्त अंको एवं अर्हता के आधार पर किया जायेगा।

उक्त वाहन चालक पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन का प्रारूप, विज्ञापन एवं नियुक्ति संबंधी दिशा निर्देश एवं अन्य शर्तें जिला न्यायालय झाबुआ की वेबसाईट https://jhabua.dcourts.gov.in/ एवं https://district.mphc.gov.in/en/recruitment-result से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

**(माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)**

Sdawar

(शिव कुमार डावर)

**Secretary**

**District Legal Services Authority**

**District Court Jhabua (M.P.)**

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ हेतु बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा आधार पर एक वाहन चालक की नियुक्ति हेतु

आवेदन क्रं. ........../2026

## आवेदन–पत्र

रंगीन फोटो
आवेदक
स्वप्रमाणित

प्रति,

श्रीमान सचिव महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय, झाबुआ (म.प्र.)

महोदय,

**धारित पद– वाहन चालक (संविदा आधार)**

1. आवेदक का पूरा नाम : ..........................................................................
2. पिता का नाम : ..........................................................................
3. जन्म दिनांक एवं उम्र : ..................................उम्र ..................................
4. लिंग : ..........................................................................
5. म.प्र. स्थायी निवासी (हॉ अथवा नहीं) : ..........................................................................
6. पत्राचार वर्तमान निवास का पूरा पता : ..........................................................................
   जिला ..................................(म.प्र.) पिन– ........................
7. स्थायी पता : ..........................................................................
   जिला ..................................(म.प्र.) पिन– ........................
8. मोबाईल/व्हाटसअप नंबर : ................................../..................................
9. E-mail ID : ..........................................................................
10. ड्राईविंग लायसेंस नम्बर : .................................. वैधता तिथि ........................
    लाईसेस प्रकार एल.एम.व्ही./एस.एम.व्ही./एच.टी.व्ही./कमर्शियल आदि
11. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्रं. | कक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण/वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वी | | | |
| 2 | 12वी | | | |
| 3 | अन्य शैक्षणिक योग्यता | | | |
| 4 | मैकेनिक योग्यता | | | |

**घोषणा–पत्र**

मैं एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरे विरूद्व न तो कोई दोषसिद्वि हुई है और न ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित हैं। मैं स्व–घोषित करता हूँ कि उपरोक्तानुसार दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य, सही एवं विश्वास करने योग्य हैं।

संलग्नः–

1. शैक्षणिक योग्यता एवं ड्राईविंग संबंधी दस्तावेज की स्वप्रमाणित प्रति।
2. आधार कार्ड पत्र।
3. अनुभव प्रमाण–पत्र (यदि हो तो)
4. अन्य प्रमाण–पत्र ( ..........................................................)

स्थानः– ..........................

दिनांकः– ..........................

आवेदक के हस्ताक्षर